भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. **+1358**
सोमवार, **1** जुलाई, 2019/10 आषाढ़, 1941 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

चक्रवात प्रभावित राज्यों को विशेष सहायता

+1358. श्री विद्युत बरण महतोः
श्री सुधीर गुप्ताः
श्री गजानन कीर्तिकरः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या चक्रवात "फैनी" और 'वायु' ने हाल ही में देश के अनेक भागों को प्रभावित किया है;

(ख) क्या चक्रवात प्रभावित राज्यों में पर्यटन अवसंरचना और सुविधाएं बुरी तरह प्रभावित हुई हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का छतिग्रस्त पर्यटन अवसंरचना के पुनर्निर्माण हेतु उक्त चक्रवात से प्रभावित राज्यों को विशेष सहायता प्रदान करने का विचार है;

(ङ) यदि हां, तो इस संबंध में प्रदान किए जाने वाली संभावित सहायता का ब्यौरा क्या है; और

(च) इन राज्यों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं**?**

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) : जी, हां ।

(ख) और (ग) : ओडिशा राज्य सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुरी, गंजम, खोरदा, **बालासोर,** कटक, जगतसिंहपुर, केंद्रपाडा और भद्रक जिलों में पर्यटक अवसंरचना तथा सुविधाएं प्रभावित हुई हैं। गुजरात सरकार ने सूचित किया है कि गुजरात राज्य में कोई भी पर्यटक अवसंरचना और सुविधाएं प्रभावित नहीं हुई हैं।

(घ) एवं (ड.) : पर्यटन मंत्रालय अपनी वर्तमान अवसंरचना विकास योजनाओं के अंतर्गत ऐतिहासिक संरचनाओं / स्मारकों आदि की मरम्मत सहित पर्यटक अवसंरचना के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है ।

हालांकि उपरोक्त चक्रवातों द्वारा क्षतिग्रस्त पर्यटक अवसंरचना के पुर्ननिर्माण के लिए राज्य सरकार को विशेष सहायता के लिए कोई अलग प्रावधान नहीं है ।

(च): पर्यटन मंत्रालय अपनी स्वदेश दर्शन तथा प्रशाद योजनाओं के अंतर्गत राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों को उनके द्वारा परियोजना प्रस्ताव प्रस्तुत करने पर संगत योजना दिशा-निर्देशों के अनुपालन, निधियों की उपलब्धता तथा पहले जारी निधियों के उपयोग की शर्त पर वित्तीय सहायता प्रदान करता है ।

मंत्रालय द्वारा ओडिशा तथा गुजरात राज्य को स्वीकृत परियोजनाओं की सूची अनुबंध में दी गई है ।

******

अनुबंध

चक्रवात प्रभावित राज्यों को विशेष सहायता के संबंध में दिनांक 01.07.2019 के लोक सभा लिखित प्रश्न सं. **+1358** के भाग (च) के उत्तर में विवरण

ओडिशा

स्वदेश दर्शन:

क्र.सं.	परिपथ का नाम/स्वीकृत वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि (करोड़ रूपए में)
1.	तटवर्ती परिपथ **(2016-17)**	गोपालपुर, बारकुल, सतपदा और तंपारा का विकास	**76.49**

प्रशाद

क्र.सं.	स्थल/गंतव्य (स्वीकृत वर्ष)	परियोजना का नाम	परियोजना लागत (करोड़ रूपए में)
1.	पुरी **(2014-15)**	मेगा परिपथ के तहत पुरी, श्री जगन्नाथ धाम-रामचंडी देवली में प्राची रिवर फ्रंट में अवसंरचना विकास	**50.00**

गुजरात

स्वदेश दर्शन

क्र.सं.	परिपथ का नाम/स्वीकृत वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि (करोड़ रूपए में)
1	विरासत परिपथ **(2016-17)**	स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत गुजरात में अहमदाबाद-राजकोट-पोरबंदर-बारदोली-दांडी में विकास	**85.01**
2	विरासत परिपथ **(2016-17)**	वाड नगर-मोधेरा और पाटन का विकास	**98.61**
3	बौद्ध परिपथ **(2017-18)**	बौद्ध परिपथ का विकास	**35.99**
		कुल	**219.61**

प्रशाद

क्र.सं.	स्थल/गंतव्य (स्वीकृत वर्ष)	परियोजना का नाम	परियोजना लागत (करोड़ रूपए में)
1.	द्वारका **2016-17**	द्वारका का विकास	**26.23**
2	सोमनाथ **2016-17**	सोमनाथ में तीर्थस्थल सुविधाओं का विकास	**37.44**
3	सोमनाथ **2018-19**	सोमनाथ में प्रोमेनेड का विकास	**44.59**
		कुल	**108.26**

*****